‘‘प्रेस-विज्ञप्ति’ ’ दिनांकः 23.07.2023

चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यो का प्रशिक्षण

चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों जिला- सारण, शेखपुरा, के प्राचार्य/ प्रभारी प्राचार्य को समग्र शिक्षा/छात्र कोष/विकास कोष एवं ईलाट्स का संचालन बिन्दु पर दिनांक 23.07.2023 रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रो॰ राणा सिंह, निदेशक, सीआईएमपी, श्री कुमुद कुमार मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी सीआईएमपी, जितेन्द्र कुमार पासवान, अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईपीसी, श्री भारत भूषण राज्य साधन सेवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री सुशील कुमार भी उपस्थित थे ।

- प्रो॰ राणा सिंह द्वारा प्राचार्यो को आन लाईन राशि व्यय करने एवं खाता संचालन में सावधानी बरतने के सन्दर्भ में सलाह दिया गया।
- एसएनए खाता पर श्री अमरनाथ, लेखापाल ,बीईपीसी ,श्री आलोक कुमार लेखा सहायक द्वारा प्राचायों को खाता संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- विद्यालयों में संचालित प्रबंधन समिति एवं अन्य समिति संचालन को बिन्दु पर श्री जितेन्द्र कुमार पासवान, अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ,बीईपीसी पटना द्वारा प्राचार्यो को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
- विद्यालय के छात्र कोष/विकास कोष/ जीओबी से संबंधित खातों का संचालन करने का अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के निर्देश पर के आलोक में श्री वेंकटेश कुमार द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।
- ईलाट्स जो आनलाईन शिक्षण कार्य का प्रशिक्षण श्री प्रभात कुमार द्वारा दिया गया। ईलाट्स को विस्तार पूर्वक प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिखाया गया।
- प्रथम सत्र में कुल- 195 प्राचार्य/प्रतिभागी एवं द्वितीय सत्र में कुल- 212 प्राचार्य/प्रतिभागी भाग लिये।
- सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्राचार्यो का इस प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुये प्रशंसा को गई।
- प्रथम सत्र पूर्वाहन- 10.00 बजे से 1.00 बजे तक एवं द्वितीय सत्र अपराहन 2.00 बजे से 5.00 बजे तक संचालित किया गया।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम के बीच उपस्थित होकर श्रीमति रश्मिी रेखा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईपीसी ,पटना द्वारा भी सम्बोधित किया गया।
- श्री जितेन्द्र कुमार पासवान अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण सत्र समाप्ति उपरान्त धन्यवाद देकर समाप्त किया गया।

32°C
Partly sunny
Search